Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 30-08-2005
Participants : Suman Shri Ramji Lal,Chatterjee Shri Somnath

>

Title : Need to shift the office of Central Haj Committee from Mumbai to Delhi.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : अध्यक्ष महोदय, केन्द्रीय हज़ कमेटी का कार्यालय मुम्बई में है। मई 2002 में जब यह विधेयक लोक सभा में पारित हो रहा था, उस समय भी हमने विनम्र आग्रह किया था कि केन्द्रीय हज़ कमेटी का कार्यालय मुम्बई में होना किसी भी कीमत में व्यावहारिक नहीं है। एक जमाना था जब पूरे हिन्दुस्तान के लोग मुम्बई से हज़ करने के लिए पानी के जहाज से जाते थे लेकिन 1995 से यह पानी का जहाज बंद हो गया। पूरे हिन्दुस्तान के 15 स्थानों से उड़ानें भरी जाती हैं। तीन स्थानों से महाराट्र से उड़ानें भरी जाती हैं और जितने हज़ यात्री होते हैं, उनमें से 60 प्रतिशत हज यात्री उत्तर भारत के होते हैं। …(व्यवधान) उत्तर प्रदेश, बंगाल, आसाम, जम्मू-कश्मीर, बिहार और झारखंड के पचास सांसदों ने एक ज्ञापन माननीय प्रधान मंत्री जी को दिया है और उनसे आग्रह किया है कि इसका कार्यालय दिल्ली में होना चाहिए। इसलिए मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि केन्द्रीय हज़ कमेटी का कार्यालय मुम्बई में नहीं होना चाहिए क्योंकि जब सारी महत्वपूर्ण बैठकें दिल्ली में होती हैं तो किसी भी कीमत पर मुम्बई में कार्यालय का होना न्यायसंगत नहीं है। विदेश राज्य मंत्री जी जो हज़ को देखते हैं यहां बैठे हुए हैं, मेरा उनसे आग्रह है कि आप अपने दृटिकोण को बदलिए और लोगों की दिक्कतों को ध्यान में रखकर केन्द्रीय हज़ कमेटी का कार्यालय दिल्ली में स्थापित करने का कट कीजिए ।

MR. SPEAKER: Shri Shankhlal Manjhi, Shri Harikewal Prasad, Shri Paras Nath Yadav and Shri Tufani Saroj are associating themselves on this matter. All of them are covered and their names would be recorded.

Shri Chandra Shekhar Dubey – Not present.